**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यंम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

**भाजपा**

इस बीच केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि पार्टी आज से विशेष अभियान शुरू कर रही है जिसमें संगठन के सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य कर रही है और प्रदेश के कुल 8 हजार 9 पोलिंग बूथों पर करीब 90 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बिंदल ने कहा कि 20 जून तक मण्डल और बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि भारत हाल ही में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में कल ''केन्द्र सरकार के 11 वर्ष'' विषय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि इस दिशा में किए गए सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केन्द्रित एक दशक लम्बी रणनीति का परिणाम है। सिकंदर कुमार ने कहा कि वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में अढ़ाई गुणा वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

**किन्नौर दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज से किन्नौर ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे आज शोंगटोंग करछम पावर हाउस साइट व बैरेज साइट पवारी में निर्माणधीन गतिविधियों का जायज़ा लेंगे और इंजीनियरों व मज़दूरों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे रिकांगपिओ व कल्पा में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसमें शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में सभा भवन व कल्पा में बनने जा रहे राजीव गांधी स्पोर्टस स्टेडियम शामिल है। मुख्यमंत्री कल 10 जून को शिप्की ला गांव से ''सीमा पर्यटन'' पहल की शुरूआत करेंगे जिससे देशभर के पर्यटकों को किन्नौर और लाहौल–स्पीति ज़िलों के भारत–चीन सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों को जानने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि इन क्षेत्रों में पहले विशेष अनुमति लेकर जाना पड़ता था लेकिन अब यह प्रक्रिया सरल बना दी गई है। नए दिशा–निर्देशों के अनुसार स्थानीय लोग व पर्यटक अब वैध पहचान पत्र दिखाकर इन स्थानों पर जा सकते हैं। आई.टी.बी.पी. और सेना निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पर्यटकों का सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी।

**सोलन ग्रीष्मोत्सव**

सोलन के ठोडो मैदान में 8 दिवसीय ग्रीष्मोत्सव का विधिवत शुभारम्भ कल देर शाम नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने किया। पहली सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोकगायक अरुण जस्टा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं आज होने वाली स्टार नाईट में पंजाबी गायक मन्नत नूर, अपनी गायकी से दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसके अलावा कई और कलाकार भी लोगो का मनोरंजन करेंगे। इस दौरान महापौर उषा शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां युवाओ सहित सभी का मनोरंजन होता है। वहीं दूसरी और युवाओं की प्रतिभा को भी उचित मंच प्रदान होता है।

**<u>मौसम</u>**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश के करीब 6 जिलों का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस से अधिक चल रहा है। इसमें ऊना जिला सबसे अधिक गर्म आंका गया है। मौसम विभाग ने 11 जून तक मैदानी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने 12 जून से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर बाद 3 बजे। नमस्कार।**